विवेक भारद्वाज, भा.प्र.से.
सचिव
Vivek Bharadwaj, IAS
Secretary

भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड,
कृषि भवन, नई दिल्ली–110001
Government of India
Ministry of Panchayati Raj
Dr. Rajendra Prasad Road,
Krishi Bhawan, New Delhi-110001

अपील

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

आप सभी को विदित है कि दिनांक 14 सितम्बर, 1949 को देश की संविधान सभा ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया था कि स्वतंत्र भारत की राजभाषा हिंदी होगी। इस महत्वपूर्ण एवं ऐतिसाहिक निर्णय की स्मृति में हम प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को 'हिंदी दिवस' मनाते हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचायती राज मंत्रालय में दिनांक 14 से 30 सितंबर, 2024 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

हिंदी भाषा, राष्ट्रीय पहचान और एकता की मजबूत कड़ी के रूप में निरंतर विशेष भूमिका निभाती आ रही है। हमारे विशाल, बहु आयामी और बहुभाषी राष्ट्र के नागरिकों को एक मंच पर लाने में संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज हिंदी, मीडिया, विज्ञापनों, चल-चित्रों आदि के विभिन्न संपर्क-माध्यमों के द्वारा महत्वपूर्ण मंच पर प्रतिष्ठा अर्जित करके अत्यंत लोकप्रिय हो रही है।

पंचायती राज मंत्रालय, हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राजभाषा के रूप में हिंदी का अपेक्षित प्रयोग किए जाने के लिए बनाए गए अधिनियम, नियमों तथा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों का अनुपालन करते हुए, हमें अपने काम-काज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने का भरसक प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर आप सब शपथ लें कि आप राजभाषा के विकास एवं इसकी उत्तरोत्तर वृद्धि में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

मैं, 'हिंदी दिवस' के अवसर पर पंचायती राज मंत्रालय के सभी अधिकारियों / कर्मचारियों से अपील करता हूं कि आप सभी अपना ज्यादा से ज्यादा सरकारी कार्य हिंदी में ही करें ।

शुभकामनाओं सहित,

विवेक भारद्वाज

(विवेक भारद्वाज)

Tel.: 011-23389008, 23074309 • Fax: 011-23389028 • E-mail: secy-mopr@nic.in